बिहार के दो ज़िलों में पेट्रोलियम भंडार की खोज की ONGC को मिली मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

6 जून, 2022 को बिहार सरकार ने राज्य के समस्तीपुर और बक्सर ज़िलों में तेल रिज़र्व की मौजूदगी का आकलन करने के लिये ओएनजीसी को पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस (पीईएल) की मंज़ूरी दे दी है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि गंगा बेसिन में समस्तीपुर और बक्सर में तेल भंडार की जानकारी मिलने के बाद ओएनजीसी ने दोनों ब्लॉकों में खोज के लिये लाइसेंस के लिये आवेदन किया था।
- समस्तीपुर में 308.32 वर्ग किमी. क्षेत्र में तेल की खोज अत्याधुनिक तकनीक से की जानी है। वहीं बक्सर के 52.13 वर्ग किमी. क्षेत्र में पेट्रोलियम पदार्थ की खोज की जाएगी।
- पहला चरण नवीनतम भूकंपीय डाटा रिकॉर्डिंग प्रणाली का उपयोग करके 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण करने का होगा। इसके बाद उन्नत तकनीक का उपयोग करके भू-रासायनिक सर्वेक्षण शुरू होगा। सर्वेक्षणों को आने वाले दिनों में गुरुत्वाकर्षण चुंबकीय और मैग्नेटो-टेल्यूरिक (एमटी) सर्वेक्षणों के साथ पूरा किया जाएगा।
- गौरतलब है कि बिहार के कुछ हिस्सों में पहले भी तेल भंडार की खोज की जा चुकी है, लेकिन कोई व्यावसायिक सफलता हाथ नहीं लगी थी। हालाँकि, इसने आगे की खोज के लिये मूल्यवान भूवैज्ञानिक जानकारी जुटाने में मदद की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ongc-approves-exploration-of-petroleum-reserves-in-two-districts-of-bihar